दिन– सोमवार

दिनांक– 26 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए शासित राज्यों में विकास कार्यों की गति को और तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया।

02. भारतीय अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोडकर विश्व की चौथी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनी। अर्थव्यवस्था का आकार चार हजार अरब डॉलर हुआ।

03. प्रदेश में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आज से शुरू हो रहा है विशेष अभियान। तीन दिवसीय अभियान के तहत साठ लाख आयुष्मान कार्ड बनाने का है लक्ष्य।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, पूर्णिया, अररिया और कटिहार जिले में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए शासित राज्यों में विकास कार्यों की गति को और तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री मोदी की अध्यक्षता में एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों का एक दिन का सम्मेलन कल नई दिल्ली में आयोजित हुआ। इस बैठक में सुशासन के मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वच्छता, सफाई, स्वास्थ्य सेवा, युवा सशक्तिकरण, कृषि और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत तालमेल बनाने की जानकारी दी। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हिस्सा लिया। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत एनडीए शासित सभी बीस राज्यों के बीस मुख्यमंत्री और अठारह उपमुख्यमंत्री में शामिल हुए।

पत्रकारों से बातचीत में भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि इस बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित था और दूसरा प्रस्ताव जाति जनगणना कराने के सरकार के फैसले से संबंधित था। श्री नड्डा ने कहा कि उनकी पार्टी यह स्पष्ट करना चाहती है कि वह जातिवाद की राजनीति नहीं करती है क्योंकि पिछड़ों को मुख्यधारा में लाना समाज की आवश्यकता है।

–––बाइट–––

इस जातिगत जनगणना के विषय पर जिसको भारत की कैबिनेट ने मोदी जी के नेतृत्व में स्वीकृति दी है और ये हमारी कल्पना शुरू से थी। नीतिश कुमार जी की सरकार जिसने सबसे पहले इसका प्रस्ताव लाया था, उसको भी ध्यान में रखते हुए और यह जातिगत जनगणना पर भी प्रस्ताव पारित हुआ।

———————————————————

भारतीय अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोडकर विश्व की चौथी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन गई है। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रह्मणयम ने कहा कि भारत अब अगले ढाई से तीन वर्ष के दौरान जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने को तैयार है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों के अनुसार भारत अब चार हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है। एक रिपोर्ट––

–––बाइट–––

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इस महीने की शुरुआत में वर्ल्ड इकनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा था कि भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उसने यह भी कहा कि वह अगले दो वर्षों में छह प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने वाला एकमात्र देश है। कोष के अनुसार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद वर्तमान में चार दशमलव तीन ट्रिलियन डॉलर है। यह 2015 में दो दशमलव एक ट्रिलियन डॉलर था। रिपोर्ट के अनुसार, विकास की उच्च दर के कारण 2028 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद बढ़कर पांच दशमलव पांच ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा। समाचार कक्ष से नेहा गोस्वामी।

———————————————————

प्रदेश में आज से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत हो रही है। अट्ठाईस मई तक चलने वाले इस अभियान के तहत साठ लाख आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य है। वहीं, सत्तर वर्ष की आयु से ऊपर के लोगों का चार लाख आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इसके लिए पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। इसके अलावा आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदी, पंचायती राज विभाग के कार्यपालक सहायक, सरकारी अस्पताल, प्रखंड कार्यालय और कॉमन सर्विस सेंटर में भी आयुष्मान कार्ड बनवाए जा सकते हैं।

———————————————————

माता सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी के पुनौराधाम के विकास के लिए सरकार ने बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम–उन्नीस सौ पचास में संशोधन किया है। राज्यपाल के आदेश के बाद इस संबंध में गजट जारी कर दिया गया है। जारी गजट के अनुसार पुनौराधाम के विकास के लिए नई न्यास समिति का गठन किया जाएगा। नई समिति

के पास पुनौराधाम न्यास और उसकी परिसंपत्तियों का नियंत्रण होगा तथा यह समिति समय–समय पर सरकार को रिपोर्ट करेगी।

---

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम उन्नीस सौ पैंसठ के भारत–पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले परमवीर चक्र विजेता कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

---

मौसम विभाग ने आज दरभंगा, समस्तीपुर, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–मध्य और पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं, किशनगंज, पूर्णिया, अररिया और कटिहार जिले में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इधर, पटना, गया, बक्सर, रोहतास समेत दक्षिण–मध्य और पश्चिमी भागों में भी कुछ स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान है।

---

प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जीविका दीदियों का चयन कृषि सखी के रूप में किया जाएगा। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि हर जिले में बीस से बाईस कृषि सखी का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इनके चयन का दायित्व जिलाधिकारियों को सौंपा गया है। कृषि सखी का मुख्य काम किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करना, उनका पंजीकरण कराना, प्रशिक्षण दिलाना और फसल चक्र के दौरान तकनीकी मार्ग दर्शन देना होगा।

---

राज्य के सभी पैक्सों को ग्रामीण पर्यटन, यातायात सेवा, गाईड और प्रशिक्षण से संबंधी कार्य करने होंगे। सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि इस नई पहल से रोजगार के नये अवसर बढ़ेंगे और पर्यटन से संबंधित योजनाओं से पैक्स

लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि इन सभी क्षेत्रों में काम करने के लिए विभाग की ओर से पैक्सों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

---

बिहार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन अट्ठाईस मई को होगा। नोडल विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने बताया कि परीक्षा राज्यभर के दो सौ चौदह केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कदाचार मुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न कराने के लिए हर आवश्यक तैयारी की जा रही है।

---

प्रदेश में आज श्रद्धापूर्वक वट सावित्री पूजा की जा रही है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए वट वृक्ष की पूजा करती हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सुबह से ही महिलाएं वट वृक्ष के पास पहुंच कर पूजा–अर्चना कर रही हैं।

---

पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में अठारह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के हरपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने लगभग एक क्विंटल गांजा के साथ आठ तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, अररिया जिले के जोगबनी से एसएसबी की टीम ने एक महिला को ब्राउन शुगर और ग्यारह देशों की करेंसी के साथ गिरफ्तार किया।

---

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के बाजार समिति के पास एक घर में आग लग जाने से सगे भाई–बहन की मौत हो गई।

---

सहरसा जिले के वनगांव थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक अपराधी को कारबाईन और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

---

जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मंजोष गांव में कोल्हुआ पोखर की खुदाई के दौरान उमा–महेश्वर की एक प्राचीन प्रतिमा मिली है। स्थानीय इतिहासकारों के अनुसार यह प्रतिमा पालकालीन हो सकती है। प्रतिमा को पुरातत्व विभाग को सौंप दिया गया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......
आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार में कोरोना ने दी दस्तक, दो मरीज मिले। **दैनिक जागरण** ने लिखा है – लालू प्रसाद ने तेज प्रताप यादव को पार्टी के साथ परिवार से भी निकाला। **प्रभात खबर** की सुर्खी है – एनडीए की बैठक में जातिगत जनगणना का समर्थन और ऑपरेशन सिंदूर को सैल्यूट। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है – इस बार बिहार में मॉनसून दस से ग्यारह जून तक आएगा। **राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – अब ताजमहल की सुरक्षा में तैनात होगी ड्रोनरोधी प्रणाली। **आज** अखबार की सुर्खी है – सीबीएसई स्कूलों में पांचवीं कक्षा तक मातृभाषा के माध्यम से पढ़ाई होगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए शासित राज्यों में विकास कार्यों की गति को और तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया।

02. भारतीय अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोडकर विश्व की चौथी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनी। अर्थव्यवस्था का आकार चार हजार अरब डॉलर हुआ।

03. प्रदेश में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आज से शुरू हो रहा है विशेष अभियान। तीन दिवसीय अभियान के तहत साठ लाख आयुष्मान कार्ड बनाने का है लक्ष्य।

04. और, मौसम विभाग ने आज किशनगंज, पूर्णिया, अररिया और कटिहार जिले में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।